आकाशवाणी श्री विजयपुरम

15.11.2024 समय : 1850

- भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती को आज जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।
- गुरु नानक जयंती आज देश – विदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है।
- अंडमान निकोबार पुलिस की लेडीज पाइप बैंड पच्चीसवीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में भाग ले रही है।
- द्वीपसमूह में राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर पर पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।
- बाल दिवस के तहत जवाहर बाल मंच की द्वीपसमूह इकाई ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

**<><><><><><><>**

भगवान बिरसा मुंडा की आज एक सौ पचासवीं जयंती है। इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती प्रतिवर्ष पन्द्रह नवंबर को यह दिवस मनाया जाता है। झारखंड के वीर बिरसा प्रकृति के असीम प्रेमी थे। सभी लोग इन्हें जल, जंगल, जमीन के रक्षक के रूप में याद करते हैं। बिरसा मुंडा एक युवा स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय समुदाय के नेता थे। बिरसा मुंडा झारखंड की मुंडा जनजाति से थे। उनका जन्म पन्द्रह नवंबर अट्ठारह सौ पचहत्तर को झारखंड में हुआ था। बिरसा मुंडा ने 'उलगुलान' आंदोलन शुरू किया था। उस समय लोग उन्हें "धरती का पिता" कहकर पुकारते थे। उन्होंने अंग्रेजों की धर्मांतरण गतिविधियों के खिलाफ बड़ा जन–आंदोलन खड़ा किया। बिरसा मुंडा ने सामंती व्यवस्था के खिलाफ भी आंदोलन चलाया। उन्होंने जमींदारी प्रथा के विरोध में बड़ी लड़ाई लड़ी। बिरसा मुंडा झारखंड की भूमि से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम हिस्सा ले रहे लाखों आदिवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत थे।

उधर, श्री विजयपुरम के रांची एसोसिएशन परिसर में भी भगवान बिरसा मुंडा का एक सौ पचासवीं जयंती और चौंथा जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। रांची एसोसिएशन के अध्यक्ष फैबियानुस टोप्पो ने उपस्थिति का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और भगवान बिरसा मुंडा रोलिंग कप हॉकी टूर्नामेंट के विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रैली का भी आयोजन किया गया।

**<><><><><><><>**

गुरु नानक जयंती आज देश – विदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। सिक्ख धर्म की स्थापना करने वाले सिक्खों के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी की जयंती को गुरु पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। उनका जन्म चौदह सौ उनहत्तर में राय भोई दी तलवंडी में हुआ था। यह अब पाकिस्तान में है और इसे ननकाना साहिब के नाम से जाना जाता है। गुरु नानक देव जी ने अपनी शिक्षाओं में समानता, प्रेम और ईश्वर के प्रति समर्पण पर बल दिया है। द्वीपसमूह के विभिन्न गुरूद्वारों में भी गुरू नानक जयंती श्रद्धाभाव से मनाई जा रही है। इस अवसर पर गुरूद्वारों में लंगर का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार पुलिस की लेडीज पाइप बैंड नागालैंड के दीमापुर के शोकुवी में कल से आयोजित होने वाले पच्चीसवीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में यह बैंड द्वीपसमूह की भावना और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। वर्ष दो हजार चौदह में गठित लेडीज पाइप बैंड की शुरूआत में सत्ताईस स्वयंसेवी महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। पिछले कुछ वर्षों में, कमान के लगातार मार्गदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से यह बैंड और विकसित हुआ है। दो हजार चौबीस में, इस बैंड को फर्स्ट गोरखा राइफल्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया और इस बैंड ने चौदह धुनों में महारत हासिल की है। यह प्रतियोगिता बाईस नवम्बर तक चलेगी।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह–दो हजार चौबीस मनाया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा निदेशालय के कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे ने किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने पढ़ने के महत्व और ज्ञान को बढ़ावा देने में पुस्तकालयों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने लोगों को प्रदर्शनी देखने के लिए प्रोत्साहित किया। पुस्तक सप्ताह का उद्देश्य पुस्तक प्रेमियों, शिक्षकों और समुदाय को एक साथ लाना है, ताकि बच्चों और वयस्कों में पढ़ने की आदतों को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा राज्य पुस्तकालय में 'पुस्तक प्रदर्शनी' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उपन्यास, बाल साहित्य, व्यक्तित्व विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं, जीवनी, पाककला, पौराणिक कथाओं, फंतासी, विज्ञान कथाओं के अलावा द्वीपसमूह के इतिहास जैसी पुस्तकें प्रदर्शित की जा रही हैं। राज्य पुस्तकालय में राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आठ सौ पचास से अधिक पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। बीस नवंबर तक चलने वाले पुस्तक प्रदर्शनी श्री विजयापुरम के राज्य पुस्तकालय में आम जनता के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर उप निदेशक शिक्षा (पर्ल) एम वी जॉली, उप–निदेशक शिक्षा पब्लिक एस सुरेश कुमार, उप निदेशक शिक्षा विज्ञान, राम प्रवेश, शिक्षा विभाग के अधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे। पुस्तक प्रदर्शनी के अलावा राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के दौरान राज्य पुस्तकालय में शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्रों के लिए भाषण, चित्रकारी, कहानी सुनाना, और पुस्तक पढ़ने की प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><>

बाल दिवस के तहत कल जवाहर बाल मंच की द्वीपसमूह इकाई ने डेरीफार्म सामुदायिक हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया। जवाहर बाल मंच की राज्य मुख्य समन्वयक एस सीतालक्ष्मी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार मुख्य अतिथि और पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर सम्माननीय अतिथि थे। कार्यक्रम में पंडित जवाहर लाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की गई। बच्चों ने नृत्य, भाषण, स्किट जैसे कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेताओं को प्रमाणपत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया। जवाहर बाल मंच का उद्देश्य बच्चों को प्यार, देखभाल और सुरक्षा का माहौल प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद, पार्टी नेताओं सहित दो सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><>

इकहत्तरवें अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह के सिलसिले में आज अंडमान निकोबार राज्य सहकारिता संघ की ओर से विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका विषय पर मंगलूटान के युवा क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवचार, तकनीक और सुशासन पर उपस्थिति को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज़िला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी ने सहकारिता संघ और सहकारिता विभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पंचायत और सरकारी विभागों से युवा और निर्माण

समितियों को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया, ताकि समाज के आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर भी मिले। राज्य सहकारिता सोसाइटी के एस. राजू ने कहा कि सोसाइटियों के सुचारू संचालन और सोसाइटी के नए पंजीकरण में उनका विभाग मदद करता है। इस अवसर पर उद्योग विभाग के स्रोत अधिकारी गिरीराज चौहान ने सोसाइटी के विकास के लिए नवाचार और नई तकनीकों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, किसानों, स्थानीय निवासी, पैक्स के सदस्यों और राज्य सहकारी सोसाइटी के अधिकारियों ने भाग लिया। कल फरारगंज पंचायत हॉल में दिन में ग्यारह बजे कार्यक्रम रखा गया है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के दो वर्षीय डिग्री कार्यक्रम में जूलॉजी और भूगोल में एक–एक सीट रिक्त हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए परामर्श कल लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों से सुबह साढ़े नौ बजे परामर्श के लिए कॉलेज के सम्मेलन दीर्घा में उपस्थित होने को कहा गया हैं।

<><><><><><><>

रेडियल दो फीडर के तहत एयर ब्रेक स्वीच में आवश्यक मरम्मत का कार्य किए जाने के चलते कल श्री विजयपुरम के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती कल सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक शादीपुर, साउथ प्वाइंट, मज़ार पहाड़, मच्छी लाईन, आर जी टी रोड, राजकीय प्रेस और जेएनआरएम कॉलेज के क्षेत्रों में की जाएगी। कार्य के समाप्त हो जाने पर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

<><><><><><><>